सत्यमेव जयते

UPPSC

Uttar Pradesh Public Service Commission

# Download UPPSC/UPPCS Mains 2019 Optional Exam Question Paper

**"Commerce and Accountancy (Paper 1)"**

**"Held on 26-09-2020"**

Downloaded from: http://studymarathon.com/

No. of Printed Pages : 11

Serial No.

# GLPC – 35/19-Paper-I

## वाणिज्य एवं लेखांकन (प्रश्न–पत्र – I)

## COMMERCE AND ACCOUNTANCY (Paper – I)

**निर्धारित समय : तीन घंटे]** **[अधिकतम अंक : 200**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :**

(i) दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं ।

**Specific Instructions :**

(i) There are total **eight** questions in **two** Sections printed in both **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting at least **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** of the question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. (a) "परम्पराओं के बिना लेखांकन सम्भव नहीं हैं ।" लेखांकन की विभिन्न परम्पराओं को स्पष्ट करते हुए उनके अन्तर्सम्बन्ध दर्शाइये । 15

"Accounting is not possible without conventions". Elucidate different conventions of accounting and describe their inter-relationships.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) इंडियन कोल कम्पनी ने 10 वर्ष के लिए एक कोयले की खान का पट्टा लिया । पट्टे की शर्तानुसार, कम्पनी को प्रति टन एक रु. अधिकार शुल्क देना है जिसका न्यूनतम किराया प्रथम वर्ष के लिए 5,000/-रु., द्वितीय वर्ष के लिए 9,000/-रु. तथा बाद के वर्षों के लिए 12,000/-रु.का विलय अधिकार शुल्क में प्रति टन 1 (एक) रुपया होता है । किसी भी वर्ष की लघुकार्य राशि अगले दो वर्षों में अपलिखित की जा सकती है । 31 दिसंबर को समाप्त होने वाले 5 वर्षों के लिए उत्पादन इस प्रकार था :

उत्पादन टनों में :

| | |
|---|---|
| 2015 – 3,000 | 2018 – 15,000 |
| 2016 – 7,000 | 2019 – 18,000 |
| 2017 – 11,000 | |

इंडियन कोल कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिए । 15

Indian Coal Company took a mine on lease for 10 years. According to the terms of the lease, the company is to pay one rupee per ton as Royalty with a minimum rent of Rs. 5,000/- for the first year, Rs. 9,000/- in the second year and thereafter Rs. 12,000/- per year merging into royalty of Rs. 1 (one) per ton. Shortworkings of any year is recoverable over the two years after accruing of shortworkings. The output for the 5 years ending 31st December, has been as under :

Production in tons :

| | |
|---|---|
| 2015 – 3,000 | 2018 – 15,000 |
| 2016 – 7,000 | 2019 – 18,000 |
| 2017 – 11,000 | |

Prepare necessary Accounts in the books of Indian Coal Company.

(c) किराया क्रय पद्धति और किश्त भुगतान पद्धति में भेद कीजिए । यह मानते हुए कि आपने एक रेफ्रिजरेटर किराया क्रय पद्धति पर क्रय किया है, दो वर्षों की काल्पनिक रकमों से जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए । 10

Distinguish between hire purchase system and instalment system. Give proforma entries with assumed figures for two years assuming that you have purchased a refrigerator on hire purchase system.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

2\. (a) यह कहा जाता है कि ''लागत लेखा दूरदर्शिता की पद्धति है, न कि अंत्य परीक्षण, यह हानियों को लाभों में परिवर्तित करता है, कार्य-कलापों को गतिशील बनाता है और क्षयों को दूर करता है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए। **15**

It is said that "Cost Accounting is a system of foresight and not a post-mortem examination, it turns losses into profits, speeds up activities and eliminates wastes". Discuss this statement.

(b) निम्नलिखित विवरण से दोनों अवधियों (31-3-2019, 30-6-2019) को प्रति टन तुलनात्मक लागत दिखाते हुए एक परिव्यय-पत्र बनाइये। **15**

| | तीन महीने अंत में | |
|---|---|---|
| | **31-3-2019** | **30-6-2019** |
| | **(रु.)** | **(रु.)** |
| उत्पादक पारिश्रमिक | 72,000 | 98,000 |
| प्रशासनिक | 12,000 | 12,000 |
| कच्ची सामग्री | 36,000 | 49,000 |
| कर व बीमा-कारखान | 750 | 750 |
| प्रकाश व जल | 1,000 | 1,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 9,000 | 12,500 |
| ह्रास | 2,000 | 2,000 |
| कारखाना किराया | 1,500 | 1,500 |
| अनुत्पादक श्रम | 30,000 | 41,000 |
| कारखाना मरम्मत | 3,000 | 4,500 |
| | **1,67,250** | **2,22,250** |

इन दो चतुर्थांशो में उत्पादित टन 12,000 व 16,000 क्रमशः थे।



Downloaded from: http://studymarathon.com/

From the following particulars, prepare a Cost-Sheet showing the comparative cost per ton for each of the two (31-3-2019 and 30-6-2019) periods :

| | Three months ended | |
|---|---|---|
| | 31-3-2019 (Rs.) | 30-6-2019 (Rs.) |
| Productive wages | 72,000 | 98,000 |
| Administration | 12,000 | 12,000 |
| Raw materials | 36,000 | 49,000 |
| Taxes and Insurance Factory | 750 | 750 |
| Light and water | 1,000 | 1,000 |
| Direct expenses | 9,000 | 12,500 |
| Depreciation | 2,000 | 2,000 |
| Factory rent | 1,500 | 1,500 |
| Unproductive labour | 30,000 | 41,000 |
| Factory repairs | 3,000 | 4,500 |
| | **1,67,250** | **2,22,250** |

The tonnage produced in the two quarters were 12,000 and 16,000 tons respectively.

(c) कारखाना ऊपरिव्ययों के संविलयन की प्रत्यक्ष सामग्री लागत पद्धति का वर्णन कीजिए तथा इसके लाभों एवं हानियों को भी बताइए। **10**

Explain the direct material cost method of absorption of overheads and also state its advantages and disadvantages.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

3. (a) 'अ' क.लि. और 'ब' क.लि. ने आपस में एकीकरण करना निश्चित किया और इस उद्देश्य से एक नई कम्पनी 'स' क.लि. की स्थापना की गई । एकीकरण की तिथि को उनके चिट्ठे निम्नलिखित थे । **15**

| दायित्व | 'अ' क.लि. (रु.) | 'ब' क.लि. (रु.) | सम्पत्तियाँ | 'अ' क.लि. (रु.) | 'ब' क.लि. (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश | | | भवन | 75,000 | 1,50,000 |
| (10/- रु. वाले) | 2,00,000 | 2,50,000 | मशीन | 95,000 | 2,50,000 |
| 8% पूर्वाधिकार | | | देनदार | 50,000 | 30,000 |
| अंश 100/- रु. वाले | – | 1,50,000 | अन्तिम रहतिया | 35,000 | 45,000 |
| लाभ–हानि खाता | 15,000 | – | रोकड़ | 15,000 | 10,000 |
| संभाव्य संचय | 10,000 | – | लाभ–हानि खाता | – | 50,000 |
| 10% ऋणपत्र | – | 1,00,000 | प्राप्य बिल | 5,000 | 10,000 |
| विविध लेनदार | 40,000 | 30,000 | | | |
| देय बिल | 10,000 | 15,000 | | | |
| | **2,75,000** | **5,45,000** | | **2,75,000** | **5,45,000** |

'स' क.लि. ने दोनों कम्पनियों के सम्पत्तियों एवं दायित्वों को पुस्तक मूल्यों पर क्रमशः लेना स्वीकार किया । इसने 'अ' क. लि. के 4 समता अंशों के बदले में 'स' क. लि. के 5 समता अंश (10/-रु. वाले) 10% की प्रीमियम की दर से देना स्वीकार किया । 'ब' क.लि. के प्रत्येक 5 पूर्वाधिकार अंशों के बदले में 'स' क. लि. के 100/- रु. वाले 4, 10% पूर्वाधिकार अंश देना स्वीकार किया । 'ब' क.लि. के ऋणपत्रधारी अपने ऋणपत्रों के बदले में 'स' क.लि. के 10% ऋणपत्र 10% में बट्टे पर प्राप्त करेंगें । 'ब' क.लि. के समता अंशधारी अपने प्रत्येक 5 समता अंशों के बदले में 'स' क.लि. के 10/- रु. वाले 6 समता अंश 10% प्रीमियम पर प्राप्त करेंगें ।

'अ' क.लि. तथा 'ब' क.लि. के जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए ।



Downloaded from: http://studymarathon.com/

'A' Co. Ltd. and 'B' Co. Ltd. decided to Amalgamate and a new company 'C' Co. Ltd. was established for the purpose. Their Balance Sheet on the date of amalgamation were as follows :

Balance Sheets

| **Liabilities** | **'A' Co. Ltd. (Rs).** | **'B' Co. Ltd. (Rs.)** | **Assets** | **'A' Co. Ltd. (Rs.)** | **'B' Co. Ltd. (Rs.)** |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity shares of (Rs. 10/-each) | 2,00,000 | 2,50,000 | Building | 75,000 | 1,50,000 |
| | | | Machinery | 95,000 | 2,50,000 |
| 8% Preference shares of Rs. 100/- each | – | 1,50,000 | Sundry debtors | 50,000 | 30,000 |
| | | | Closing stock | 35,000 | 45,000 |
| Profit and Loss A/c | 15,000 | – | Cash | 15,000 | 10,000 |
| Contingency Reserve | 10,000 | – | Profit and Loss A/c | – | 50,000 |
| 10% Debentures | – | 1,00,000 | Bills Receivables | 5,000 | 10,000 |
| Sundry Creditors | 40,000 | 30,000 | | | |
| Bills payable | 10,000 | 15,000 | | | |
| | **2,75,000** | **5,45,000** | | **2,75,000** | **5,45,000** |

'C' Co. Ltd. agreed to take assets and liabilities of both the companies at their respective book values. It agreed to issue 5 equity shares (of Rs. 10/- each) of 'C' Co. Ltd. for 4 equity shares in 'A' Co. Ltd. at a premium 10%. It agreed to issue 4, 10% preference shares of Rs. 100/- each in 'C' Co. Ltd. for every 5 preference shares held in 'B' Co. Ltd. Debenture holders of 'B' Co. Ltd. would receive the 10% debentures in 'C' Co. Ltd. at a discount of 10%. The equity shareholders of 'B' Co. Ltd. would receive 6 equity shares of Rs. 10/- each in 'C' Co. Ltd. for every 5 equity shares held in 'B' Co. Ltd. at a premium of 10%.

Pass necessary Journal entries in the books of 'A' Co. Ltd. and 'B' Co. Ltd.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) रोकड़-बहाव विश्लेषण के उद्देश्य समझाइए, रोकड़-बहाव विवरण की सीमाएँ क्या हैं ? **15**

Explain the objects of cash-flow analysis. What are the limitations of cash-flow statement ?

(c) एक कम्पनी के पुनर्निर्माण से आप क्या समझे हैं ? यह कब आवश्यक हो जाता है ? **10**

What do you understand by reconstruction of a company ? When does it become necessary ?

4. (a) कानपुर के रोमेश ब्रदर्स की एक शाखा लखनऊ में है जिसे वह लागत के 25% आधिक्य पर माल प्रेषित करता है । शाखा अपना विक्रय लेजर रखती है तथा प्राप्त रोकड़ को प्रतिदिने प्रधान कार्यालय को भेजती है । समस्त व्यय प्रधान कार्यालय द्वारा चुकाये जाते हैं ।

31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए, शाखा के निम्न व्यवहार थे । **15**

| | (रु.) | | (रु.) |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष: | | ग्राहक को छूट | 250 |
| रहतिया | 11,000 | विक्रय वापसी | 500 |
| देनदार | 1,700 | शाखा को भेजे गये चेक : | |
| फुटकर रोकड़ | 100 | किराया | 600 |
| नकद विक्री | 2,650 | मजदूरी | 200 |
| शाखा को भेजा गया माल | 20,000 | अन्य व्यय | 900 |
| लेजर खाते से प्राप्त रोकड़ | 21,000 | अन्तिम शेष : | |
| प्रधान कार्यालय को वापस माल | 400 | रहतिया | 13,000 |
| डूबत ऋण | 300 | देनदार | 2,000 |
| | | फुटकर रोकड़ 25 रु. विविध प्राप्तियों सहित जो प्रधान कार्यालय को नहीं भेजे गए | 125 |

31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष का खाता का व्यापार एवं लाभ और हानि खाता तथा शाखा खाता बनाइए ।



Downloaded from: http://studymarathon.com/

Romesh Brothers of Kanpur has a branch at Lucknow to which supplies goods at cost plus 25%. The branch keeps its own sales ledger and transmits all cash received to the head office everyday. All expenses are paid from Head Office.

For the year ending 31st December, 2019 the transactions of the branch were as follows :

| | (Rs.) | | (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Opening Balances : | | Allowances to customers | 250 |
| Stock | 11,000 | Return inward | 500 |
| Debtors | 1,700 | Cheques sent to branch : | |
| Petty cash | 100 | Rent | 600 |
| Cash sales | 2,650 | Wages | 200 |
| Goods sent to branch | 20,000 | Other expenses | 900 |
| Collection on Ledger | | Closing Balance : | |
| Account | 21,000 | Stock | 13,000 |
| Goods returned to H.O. | 400 | Debtor | 2,000 |
| Bad debts | 300 | Petty cash including miscellaneous income of Rs. 25 not remitted to H.O. | 125 |

Prepare the Branch Trading and Profit and Loss Account and Branch Account for the year ended 31st December, 2019.

(b) सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी का मिश्रित चिट्ठा बनाने के लिए आप निम्न की गणना कैसे करेंगें ? उदाहरण सहित समझाइए ।

(i) नियंत्रण की लागत

(ii) अल्पमत अंशधारी हित, एवं

(iii) अन्तर-कम्पनी व्यवहार पर न वसूल हुआ लाभ । 15



Downloaded from: http://studymarathon.com/

How do you compute the following while preparing consolidated Balance Sheet of Holding company and its Subsidiary company ? Explain with illustration :

(i) Cost of control

(ii) Minority shareholder interest, and

(iii) Unrealised profit on Inter-company transaction.

(c) विदेशी शाखा के तलपट की राशियों को प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में लिखने के लिए मुद्रा परिवर्तन के क्या नियम है ? समझाइए । 10

How are the figures in the Foreign Branch Trial Balance are to be converted in the Head Office books for the purpose of their incorporations ? Explain.

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) सम्पत्ति अधिकतमीकरण उद्देश्य के औचित्य को स्पष्ट कीजिए । सम्पत्ति अधिकतमीकरण उद्देश्य, लाभ अधिकतमीकरण के प्रति उठाई गई वैचारिक एवं क्रियात्मक आपत्तियों से कहाँ तक मुक्त है ? 15

Explain the rationals of wealth maximisation objective. How far wealth maximisation objective is free from the ideological and operationals objections raised against profit maximisation ?

(b) आन्तरिक प्रत्याय दर क्या है ? उपयुक्त उदाहरण के साथ इसे समझाइए यदि परियोजना की रोकड़ अन्तर्प्रवाह की राशि समान है । वर्तमान मूल्य सूचकांक (5th year) 15% कटौती दर पर 3.352; 16% पर 3.274; 17% पर 3.199 और 18% पर 3.127 है । 15

What is Internal Rate of Return ? Discuss with the help of a suitable example if the cash inflows of a project are even. The present value factor at the end of the 5th year at the discount rate of 15% is 3.352, 16% is 3.274, 17% is 3.199 and at 18% it is 3.127.

(c) पूँजी बजटिंग क्या है ? एक औद्योगिक संस्था के दृष्टिकोण से इसका क्या महत्त्व है ? 10

What is capital budgeting ? What is its importance from the point of view of an industrial concern ?



Downloaded from: http://studymarathon.com/

6. (a) समता अंशों के मूल्यांकन की क्या मान्यताएँ है ? समता अंशों के लाभांश मूल्यांकन मॉडल को समझाइयें । 15

What are the assumption in the valuation of equity shares ? Explain the dividend valuation model of equity shares.

(b) "निगम वित्त व्यवस्था में ऋणपत्रों का बहुत अधिक महत्त्व होता है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा ऋणपत्रों द्वारा वित्त-पूर्ति की परिसीमाओं का उल्लेख कीजिए । 15

"Debentures have great significance in Corporate Finance". Elucidate this statement and point out the limitations of Debenture Finance.

(c) निगम वित्तीयन में 'प्रतिधारित आय' के महत्त्व की विवेचना कीजिए । 10

Discuss the significance of 'Retained earning' in Corporate Financing.

7. (a) गत पाँच वर्षों के लिए ABC लि. की विक्रय तथा कार्यशील पूंजी के समंक नीचे दिये हुए हैं । प्रतीपगमन विश्लेषण तकनीक द्वारा 2020 में आवश्यक कार्यशील पूंजी अनुमानित कीजिए जब 2020 की अनुमानित विक्रय रु. 6.2 लाख है । 15

| वर्ष | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 |
|---|---|---|---|---|---|
| विक्रय (रु. लाख) | 5 | 6 | 5 | 7 | 2 |
| कार्यशील पूंजी (रु. लाख) | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |

The figures for sales and working capital of ABC Ltd. for the last five years are given below. With the help of Depression Analysis Technique, estimate the working capital required for the year 2020 when sales is estimated at Rs. 6.2 lakh.

| Year | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 |
|---|---|---|---|---|---|
| Sales (Rs. in lakh) | 5 | 6 | 5 | 7 | 2 |
| Working Capital (Rs. in lakh) | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) "यदि आपको धन की आवश्यकता हो, तो सर्वप्रथम अपने वस्तुसूची को देखियें" । वित्त प्रबन्धक के लिए इस कथन का क्या महत्त्व है ? वस्तुसूची के आकार की जांच के लिए कौन-कौन से उपाय प्रयोग में लाये जाते हैं ? **15**

"If you are in need of money, look to your inventory at first". What is the significance of this statement for a finance manager ? What measures are used to assess the size of inventory ?

(c) प्राप्तियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के लागतों एवं जोखिमों का वर्णन कीजिए । **10**

Discuss the various types of costs and risks associated with receivables.

8. (a) 'स्वेतर धन का प्रयोग एक दोधार अस्त्र है ।' इस कथन को सोदाहरण समझाइए । **15**

'Trading on Equity is a double-edged weapon'. Explain this statement with the help of suitable examples.

(b) भारत में पूंजी बाजार के मुख्य तत्त्वों का उल्लेख कीजिए और इसके दोषों को बतलाइये । इसे अधिक उपयुक्त बनाने के लिए उपाय भी दीजिए । **15**

Discuss the chief features of the Indian Capital Market and explain its deficiencies. Give suggestions to make it more useful.

(c) वाल्टर के लाभाँश मॉडल के आवश्यक तत्त्व क्या है ? इसकी कमियों को समझाइये । **10**

What are the essentials of Walter's Model of Dividend ? Explain its shortcomings.

---



Downloaded from: http://studymarathon.com/